हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026


तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


14 संस्कार परिवर्तन से ही संभव है वास्तविक...





12 सरपंच मंजूलता ने कन्यादान के रूप में ...






## खबर संक्षेप

### युवक से चार लोगों ने की मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद**। स्टाप डेम में नहाने गए युवक के साथ चार युवको ने मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने चार लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 309(6) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड नं0 05 गुण्डरदेही निवासी संजीव कुमार सोनकर ने पुलिस को बताया कि 07 मार्च को दोपहर करीबन 01 बजे बघमरा स्टाप डेम नहाने गया था कि बघमरा निवासी लालसिंग राजपूत, लक्ष्मण राजपूत, कोमल राजपूत व अन्य मुझे देखकर गाली गलौच करने लगा जिसे मेरे द्वारा मना करने पर गाली गलौज कर लाठी डंडा व हाथ मुक्का से मारपीट किया है और लालसिंग राजपूत चाकू दिखाकर जान से मार दूंगा कहकर धमकी दिया है, मारपीट के दौरान दाहिने हाथ में पहने सोने की अंगूठी व गले में पहने चांदी का चैन कुल एवं नगदी रकम लगभग 8300 रूपये मेरे जेब में था जिसे लूट कर भाग गये, मोबाईल को तोड दिये। मारपीट करने से मेरे सिर, दाहिने एवं बांये हाथ, गला, पीठ, कमर, दोनों घुटना में चोंट लगा है।

### जिले में कक्षा 12वीं की अंग्रेजी परीक्षा में 58 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**बालोद**। जिले में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत जिले में कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी ने बताया कि जिले के सभी 05 विकासखंडों में परीक्षा के लिए कुल 111 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहाँ परीक्षा में कुल 8424 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 8366 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 58 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। गुण्डरदेही विकासखण्ड में 1952 परीक्षाथएँ दर्ज थे, जिनमें से 10 अनुपस्थित रहे। इसी तरह डौंडीलोहारा विकासखण्ड में 2132 में से 16 परीक्षाथएँ, गुरूर में 1466 में से 12, बालोद विकासखण्ड में 1482 में से 08 और डौंडी विकासखंड में 1392 में से 12 परीक्षाथएँ अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र से नकल का कोई मामला (नकल प्रकरण) नहीं पाया गया।

### ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती समारोह 15 को

**लाटाबोड़**। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम लाटाबोड़ में ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती समारोह का आयोजन 15 मार्च रविवार को संपन्न होगा। जिसमें समस्त पदाधिकारी आमंत्रित है। साहू समाज के ग्रामीण अध्यक्ष संदीप साहू ने जानकारी देते हुए बताया कार्यक्रम की शुरुवात सुबह 9 बजे से कर्मा माता की आरती पूजन के साथ प्रारम्भ होगा। उसके बाद भव्य कलश यात्रा सुबह 10 बजे से अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन दोपहर 1 बजे के साथ ही पांघर प्रमुख गणों का सम्मान किया जाना है। वही रात्रि में मनोरंजन के लिए मयारु मोर नाचा पार्टी लाटाबोड़ वालों का कार्यक्रम गया है।

### दो दिनी फाग गायन व झांकी प्रतियोगिता 14 से

**बालोद/निकुम**। नवजागृति फाग समिति एवं ग्रामवासी खुरसुनी के तत्वाधान में दो दिवसीय फाग गायन एवं झांकी प्रतियोगिता आगामी 14 मार्च शनिवार और 15 रविवार मार्च को आयोजित किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार झांकी पक्ष में प्रथम पुरस्कार 5000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 4000 रुपए, तृतीय पुरस्कार 3000 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 2000 रुपए, पंचम पुरस्कार 1000 रुपए व बैठकी में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये व अंतिम पंचम पुरस्कार 751 रुपए रखी गई है। यह जानकारी आयोजक समिति प्रमुख चंद्रशेखर साहू ने दिया।

**योजना**

**बिहान योजना का असरः 18 हजार से अधिक महिलाएं बनीं लखपति दीदी**

# लखपति दीदियां पहले से हो रही हैं सशक्त ड्रोन से खेतों पर कर रहीं दवा का छिड़काव







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में लखपति दीदी पहल महिला सशक्तिकरण की नई इबारत लिख रहा है। जिले की महिलाएं आज न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं, बल्कि आधुनिक तकनीक अपनाकर ड्रोन दीदी के रूप में अपनी नई पहचान बना रही हैं। कल तक जो हाथ सिर्फ चुल्हा–चौका संभालते थे आज वे ड्रोन उड़ाकर खेतो में खाद्य छिड़क रहे है।

■ तकनीक से आत्मनिर्भरता की उड़ान, गांवों में उभर रही 'ड्रोन दीदी'

महिलाओं कीं रूचि एवं कार्य प्राकृति के अनुरूप कौशल विकास के माध्यम से प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, मुख्यतः राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से न्यूनतम ब्याज दर पर 109 करोड़ ग्रुप ऋण 1300 एसएचजी को 7.80 करोड़ सामुदायिक निवेश कोष 160 सक्रिय निधि के साथ–साथ 700 एसएचजी दीदीयों को वूमेन लेड इन्टरप्राईज लोन जिसमें मुद्रा, स्वयं सिद्ध, अंत्यावसायी, खादी ग्रामोद्योग, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन




कार्यक्रम के तहत 06 करोड़ की ऋण प्रदाय कराया गया है। इसके अतिरिक्त कलस्टर स्तरीय संगठन से भी 40 करोड़ का ऋण समूह एवं सदस्यों के बीच आंतरिक लेन–देन के तहत वितरित है। इन्हे ऋण प्रदाय करने के साथ–साथ वित्तीय साक्षरता जिसके तहत सुरक्षित निवेश, डिजिटल बैंकिग और ऑनलाईन लेन–देन का प्रशिक्षण शामिल है।

स्व–सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों के प्रमाणीकरण हेतु एफएसएसएआई पंजीयन के माध्यम से गुणवत्ता सुनिश्चित कराना, बाजार उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु लोकल मार्केट लिंकेज जिले में 30 उत्पादक संगठनों एफपीओ के माध्यम से मार्केट लिकेंज, ई–रिक्शा प्रदान करना, मोबाईल व्हीकल, स्टॉल, सरस मेला, बिहान मड़ई आदि का आयोजन कर उत्पादों के विक्रय में सहयोग प्रदान किया गया है, वर्तमान में उत्पादों को ई–कॉमर्स प्लेटफार्म से जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है।

परसदा डंग गांव की भुनेश्वरी बताती है कि मेरा चयन संभावित लखपति दीदी के रूप में किया गया। तब मेरे परिवार की वार्षिक आय 60 हजार थी, मुझे ड्रोन दीदी के लिए चयन किया गया। प्रशिक्षण के पश्चात ड्रोन के साथ वेन मिला है, ड्रोन से अब तक मै 2950 एकड़ में दवाई छिडकाव कर चुकी हूँ।




इससे अब तक 3.90 लाख एवं अन्य स्त्रेतों को मिलाकर मेरे परिवार का आय 5.14 लाख है। भूनेश्वरी बताती है कि अब मुझे लोग 'ड्रोन दीदी' कह कर बुलाते ग्राम डढ़ारी की कल्याणी समूह की ममता निषाद ने बिहान के वित्तीय एवं तकनीकी सहयोग से लखपति दीदी तक सफर किया है। लखपति दीदी पहल के क्रियान्वयन में इस विषय पर विशेष ध्यान दिया गया है कि उनके वर्तमान आय स्त्रेत को ही विकसित कर दो से तीन गतिविधियों से जोड़कर आय में बढ़ोतरी किया जाना है।

इसके आगामी चरणों में वृहद इकाईयों की स्थापना पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें विकासखंड डौंडीलोहारा के ग्राम मंगचुवा के आदिवासी स्व–सहायता समूह द्वारा महुंआ लड्डू निर्माण जो कि पूर्णतः हस्तनिर्मित है। जिसे आधुनिक तकनीक से कराया जाएगा। इसमें महुआ के संग्रहण से लेकर इसके प्रोसेसिंग तथा मार्केट लिंकेज का प्रोटोकॉल तय कर कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। इसी प्रकार सेनेटरी पैड, अचार निर्माण जैसे इकाईयों को भी वृहद स्तर पर कराये जाने की कार्य योजना तैयार की गई है।

**सीएम की मंशा के अनुरूप कार्य**

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप एवं उप मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन तथा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशन में बिहान टीम के साथ इस लखपति पहल की मुहीम को जिला में पूरी सक्रियता से आगे बढ़ाया जा रहा है। इससे मुख्यतः संभावित लखपति दीदी के वर्तमान आय, आंकलन एवं अभिसरण के माध्यम से आवश्यक वित्तीय एवं तकनीकी हस्तक्षेप पर फोकस किया गया है। प्रत्येक परिवार हेतु कार्य योजना तैयार कर माइक्रो लेवल पर इसके क्रियान्वयन एवं मैन्युअल तथा डिजिटल मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अभी तक जिले में 25 हजार लक्ष्य के विरूद्ध 18233 दीदीयों को लखपति श्रेणी में लाया जा चुका है, शेष को जनवरी से मार्च तक के 4वें क्वार्टर की डिजिटल आजीविका रजिस्टर जिसकी एंट्री अप्रैल में होनी है लक्ष्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

## अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, 9 वाहन जब्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिजों के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु 10 एवं 11 मार्च को खनिज विभाग की टीम द्वारा गुरूर विकासखण्ड का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अवैध परिवहन करते पाये जाने के कारण खनिज रेत के 08 एवं मिट्टी के 01 सहित कुल 09 वाहनों को जप्त किया गया है। जिसमें 02 हाईवा व 04 ट्रेक्टर मय ट्रॉली थाना आरक्षी केन्द्र मरकाटोला कैम्प, 01 हाईवा थाना आरक्षी केन्द्र कंवर, 01 हाईवा थाना आरक्षी केन्द्र सनौद तथा 01 ट्रेक्टर मय ट्रॉली थाना आरक्षी केन्द्र गुरूर के अभिरक्षा में रखा गया है। उन्होंने बताया कि इन सभी प्रकरणों में खान व खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के प्रावधानों के तहत कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### ट्रक की ठोकर से मोटर सायकिल सवार घायल

**बालोद**। काम में जा रहे मोटर सायकिल सवार व्यक्ति को ट्रक ने ठोकर मार दी। जिससे घायल व्यक्ति की ईलाज के दौरान मौत हो गई, जिसके बाद मृतक के भाई ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 106(1), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम परसोदा निवासी सेवाराम ने पुलिस को बताया कि 05 मार्च को मेरे भाई परसोदा थाना डौंडी सामसाय मसिया पिता पल्टन मसिया 48 वर्ष सुबह अपने मोटर सायकिल टीव्हीएस सीजी 07 एके 3328 से डौंडी अपने काम से जा रहा था। इसी दौरान राम मंदिर के सामने मेन रोड डौंडी में सामने से आयरन से भरे ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलएम 3499 के चालक द्वारा मोटर सायकिल को सामने से ठोकर मार दिया। ट्रक के चपेट में आने से भैया सामसाय को गंभीर चोट पहुंचने पर डौंडी शासकीय अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## विश्व ग्लूकोमाः नेत्र शिविर में 386 की परीक्षण में 40 मरीज चिन्हांकित






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई बालोद अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र नाहंदा अंतर्गत विश्व ग्लाकोमा सप्ताह के तहत नेत्र परीक्षण का कार्य किया गया।

इसी तरह समस्त विकासखण्ड में 25 शिविर का आयोजन किया गया। सहायक जिला नोडल अधिकारी अंधत्व अनिल कुमार सिन्हा ने बताया 11 मार्च बुधवार को नेत्र परीक्षण शिविर में नेत्र परीक्षण पश्चात 386 मरीजो का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें मोतिया बिंद के 40 मरीज पाए गए। वाटरिंग के 12, रेडनेश 13, टेरियम 18, विटामिन ए की कमी 1, अफेकिया के 6 मरीज ड्राई आई वाले 4, कन्जक्टाइवल डिसीज के 5 मरीज मिले। मेतिया बिंद के मरीजो को जिला अस्पताल ऑपरेशन हेतु लाया जावेगा।

कार्यक्रम का संपादन जिलाधीश दिव्या उमेश मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ जेएल उईके, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा के मार्गदर्शन में तथा डॉ एलएन वर्मा, डॉ मधु ठाकुर, सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में किया जा रहा है। नेत्र परीक्षण सभी ब्लाक के नेत्र सहायक अधिकारी द्वारा किया जा रहा है तथा विश्व ग्लाईकोमा सप्ताह का शिविर के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### पेयजल आपूर्ति बाधित करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाईः कलेक्टर

**बालोद**। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आगामी ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल संकट को देखते हुए जल संकट से निपटने हेतु आदेश जारी किया है।

जारी आदेश में बताया गया है कि ग्रीष्मकाल में जिले में जल संकट को दृष्टिगत रखते हुए तथा सभी लोगों को पेयजल एवं निस्तार के लिए पर्याप्त जलापूर्ति करना आवश्यक हो गया है। जिसके अंतर्गत जिले में कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से जल संचय एवं अवैध कनेक्शन कर जलापूर्ति को बाधित न करें।

■ जिले में पेयजल व्यवस्था की मॉनिटरिंग तेज, अवैध जल संग्रहण पर रोक

ऐसे किसी भी तरीके से अनुचित तौर पर जल संग्रहण को रोके जाने हेतु टीम गठित किया गया है। जिसके अंतर्गत विकासखण्ड (ग्रामीण) स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा नगरीय स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व मुख्य नगर पालिका एवं नगर पंचायत अधिकारी का संयुक्त रूप से गठित किया गया है। उक्त समिति द्वारा नियमित तौर पर जिले में पेयजल एवं निस्तार हेतु जलापूर्ति का मॉनिटिरिंग और जिले में अवैध जल संग्रहण कार्य करने वाले कोई भी व्यक्ति तथा कोई भी संस्था के विरुद्ध विधि सम्मत पूर्व कार्यवाही किया जाएगा।

**फागुन्दाह स्कूल में बिना सूचना अनुपस्थित रहे प्रधानपाठक, नोटिस जारी**

## जिपंसदस्य के निरीक्षण में शिक्षक अनुपस्थित मिले, कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की लापरवाही सामने आई है। नियमित मॉनिटरिंग के अभाव में कई स्कूलों में शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जा रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

जिला पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत शिक्षा समिति की सदस्य नीलिमा श्याम ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला फागुन्दाह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्धारित समय पर बच्चे स्कूल पहुंच गए थे, लेकिन स्कूल के प्रधानपाठक उपस्थित नहीं थे,




जबकि सहायक शिक्षिका ही विद्यालय में मौजूद थीं। जानकारी लेने पर पता चला कि प्रधानपाठक डोमनलाल यादव 7 मार्च से बिना अवकाश के अनुपस्थित हैं। ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की कि प्रधानपाठक अक्सर ड्यूटी में लापरवाही करते हैं और पहले भी कई बार अनुपस्थित रहे हैं। पूर्व में 26 जनवरी के दिन भी उनके अनुपस्थित रहने पर ग्रामवासियों और स्कूल प्रबंधन समिति ने बैठक कर उन्हें समझाइश दी थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए नीलिमा श्याम ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंडी को पत्र लिखकर प्रधानपाठक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

शिकायत के आधार पर संकुल समन्वयक द्वारा सहायक शिक्षिका और प्रधानपाठक को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि प्रधानपाठक ने 6 मार्च को ऑनलाइन अवकाश आवेदन दिया था, लेकिन 7 से 10 मार्च तक बिना किसी अतिरिक्त सूचना के अनुपस्थित रहे।

जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम ने कहा कि आदिवासी अंचल के बच्चों की शिक्षा के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के स्कूलों का नियमित निरीक्षण किया जाएगा ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके। विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण चतुर्वेदी ने बताया कि शिकायत की जांच कर प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी बालोद को भेजा जाएगा और संबंधित शिक्षकों से स्पष्टीकरण लिया जा रहा है।

## जिपं अध्यक्ष तारिणी अपने जन्मदिन पर घरौंदा और वृद्धाश्रम में बांटेंगी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पचायंत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेद्र चन्द्राकर के जन्मदिन को लेकर कार्यकर्ताओ में जबरदस्त उत्साह है, कार्यकर्ता उनके जन्मदिन को विशेष एवं यादगार बनाने के लिए व्यापक तैयारी में जुटे है। वही तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर अपने जन्मदिन पर घरौदा, वृद्वाश्रम पहुंचेगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर 12 मार्च को अपने जन्मदिन पर घरौदा में रह रहे बच्चो के बीच पहुंचकर उन्हे कपड़ा वितरण करेंगी। वही वृद्धाश्रम पहुंचकर आत्मीय संवाद करने के साथ जन्मदिन पर बुजुर्गो से आर्शीवाद लेंगी। जिसके बाद विद्यालय में न्योता भोज का आयोजन किया जाएगा। जिसके बाद तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर



■ कार्यकर्ताओं में उत्साह, जन्मदिन को यादगार बनाने की तैयारी तेज

कार्यकर्ताओ द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपना जन्मदिन कार्यकर्ताओ के बीच मनाएंगी। जिसकी व्यापक तैयारी कार्यकर्ताओ द्वारा की जा रही है। जिसके तहत होली मिलन एवं जन्मदिन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन 12 मार्च को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर के गृह ग्राम रजोली स्कूल मैदान में किया गया है।

जिसमे फूलो की होली खेली जाएगी। जिसमे मोर मयारू संगी फाग परिवार टेडेसरा के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# महापौर ने दूल्हा-दुल्हन को उपहार में दिया हेलमेट, लोगों को भी किया प्रेरित

## 'जीवन अनमोल है, सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी, सुरक्षित जीवन का लें संकल्प'

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से महापौर अलका बाघमार ने एक अनोखी पहल करते हुए तीन अलग-अलग शादियों में पहुंचकर नव-विवाहित वर-वधु को शुभकामनाएं दीं और उन्हें हेलमेट भेंट किया। इस अवसर पर एमआईसी शशि साहू, सरिता चंद्रकार, सुरूचि उमरे सहित अन्य मौजूद रही।

इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने नव-दंपतियों को उनके नए जीवन की मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन अनमोल है और इसकी सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए।

उन्होंने नव-दंपतियों से अपील की कि वे स्वयं भी हेलमेट पहनें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम किया जा सके। महापौर की इस पहल को उपस्थित लोगों ने सराहा और इसे सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने वाला सराहनीय कदम बताया। महापौर ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि शादियों में केवल फूल-गुलदस्ते देने की परंपरा के बजाय नवदंपतियों को हेलमेट भेंट करने की पहल करनी चाहिए। महापौर अलका बाघमार ने सुरक्षा के लिए लोगों को हेलमेट का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।



### शुभ अवसरों पर हेलमेट भेंट करने की परंपरा की शुरुआत

हेलमेट एक जीवन कवच है, जो सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महापौर ने कहा कि यदि शादी जैसे शुभ अवसरों पर हेलमेट भेंट करने की परंपरा शुरू हो जाए तो इससे समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और लोगों को सुरक्षित जीवन जीने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से इस सराहनीय पहल को अपनाने की अपील की।

## खबर संक्षेप



### नेत्रदान कर पेश की मानवता की मिसाल

**दुर्ग।** ललितादेवी गोधा के निधन के पश्चात पुत्र अशोक गोधा, अरुण गोधा, बहु रेखा गोधा, रश्मि गोधा, ममता गोधा, पुत्री अलका पाटनी, अनीता बकलीवाल की सहमति से नेत्रदान सम्पन्न हुआ। पारिवारिक सदस्य जय पारख ने नेत्रदान के लिए संस्था का सहयोग लिया। नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया, रितेश जैन, सुरेश जैन, सपन जैन, जितेंद्र हासवानी, प्रभुदयाल उजाला गोधा निवास पहुंचे व नेत्रदान की व्यवस्था संभाली श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ श्रीया पंजवानी, डॉ नीलांजना टोप्पो, डॉ यशिका चंद्रा व नेत्र प्रभारी विवेक कसार ने शिवपारा पहुंच कर कॉर्निया कलेक्ट किए।

### समिति की बैठक 19 को

**दुर्ग।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण प्रबंधन समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में 19 मार्च को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में एजेंडा-व्यक्तिगत शौचालयों, सामुदायिक शौचालय, महतारी सदन में शौचालय निर्माण की समीक्षा, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छाग्राही मानदेय आदि की समीक्षा की जाएगी। ग्राम पंचायत के खाते में उपलब्ध अनुपयोगी राशि के लेखा परीक्षण, वित्तीय प्रगति, स्वच्छ भारत कोष अंतर्गत चिन्हांकित ग्राम पर चर्चा, वार्षिक कार्ययोजना के अनुमोदन पर चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने कहा गया है।

### मृतक के परिजन को मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तितुरघाट तहसील धमधा जिला दुर्ग निवासी केजा बाई की कुएं में गिरने व पानी में डूबने से 21 फरवरी 2025 को, टेकापार जिला दुर्ग निवासी अभिषेक सोनवानी की राजा तालाब में नहाते समय गहरे पानी में डूबने से 2 मई 2024 को मृत्यु हुई थी।

### बेटी के साथ अनाचार पिता गिरफ्तार

**भिलाई।** होली के दिन कलयुगी पिता ने अपनी ही नाबालिग बेटी से अनाचार करने का मामला सामने आया है। घटना जामुल थाना क्षेत्र की है। मामले में पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि चार मार्च को होली पर्व था इस दिन पिता नशे की हालत में अपनी बेटी के साथ अनाचार किया। इसके पूर्व भी कई बार इस तरह की हरकत बेटी के साथ कर चुका था। बेटी इगनोर करती रही लेकिन होली के दिन जिस तरह से पिता ने उसके साथ पेश आया किया। बेटी परेशान होकर घटना की जानकारी अपनी मां को दी। दोनों तुरंत जामुल थाने पहुंचे बेटी का सरकारी अस्पताल में मेड़िकल भी हुआ। अपराध दर्ज होने के बाद पिता को खोजने पुलिस निकली और गिरफ्तार किया। पिता ने बेटी के साथ अनाचार करने की जानकारी जैसे बस्ती में फैली आसपास के लोग सभी सोच में पड़ गए। लोग उसे खोजने मकान में पहुंचे लेकिन आरोपी पिता फरार था पुलिस उसके ठिकाने पर जगह-जगह दबिश देती रही। सूचना पर घेराबंदी कर जामुल से उसे पकड़ा गया है। घटना के समय परिवार में बेटी अकेली थी इसका फायदा उठाते हुए घटना को अंजाम दिया। होली त्यौहार होने पर सभी अपने-अपने काम में जुटे हुए थे।

### बीएसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**भिलाई।** बीएसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट सेक्टर 1 क्रिकेट ग्राउंड, भिलाई में शुरु हुई। मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के ईडी वर्क्स राकेश कुमार और केपीएस ग्रुप के चेयरमैन आनंद त्रिपाठी थे।पहले दिन 4 मैच हुए, जो क्रमशः लीजेंड 11 और सुपर चैलेंजर्स, आयरन पैंथर और रॉयल स्ट्राइकर, संडे 11 और बर्ली बॉयज, स्नाइपर्स और भिलाई बॉयज के बीच खेला गया।

## अज्ञात तत्वों द्वारा लगाई जा रही आग, उठते धुएं ने बढ़ाया संक्रामक बीमारियों का खतरा

# एनजीटी का आदेश धुआं-धुआं, लैंड फिलिंग के नाम पर कचरा किया जा रहा डंप, उठती बदबू से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर निगम दुर्ग के आउटर इलाके इन दिनों कचरे से अटे पड़े हैं। एसएलआरएम सेंटरों में कचरे के प्रसंस्करण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। हर दिन दोपहर 2 बजे के बाद बड़ी मात्रा में कचरा उठाकर शहर के आउटर में लैंड फिलिंग के नाम पर डंप किया जा रहा है। इसकी वजह से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। खास बात यह है कि पार्षद से लेकर स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही शिकायत का भी असर नहीं हो रहा है। पिछले कुछ दिनों से पुष्पा वाटिका के सामने शिवनाथ नदी के किनारे कचरा डंप किया जा रहा है। एसएलआरएम सेंटरों से कचरा उठाकर यहां लाया जाता है। इसके बाद जेसीबी की मदद से फैला दिया जाता है। अज्ञात तत्वों द्वारा इस कचरे में आग लगाई जा रही है। हरिभूमि की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि शहर के पुलगांव, गोकुल नगर, धमधा नाका टोल के पास, रायपुर नाका, ठगड़ा बांध के पास इस तरह से नियमित रूप से कचरा डंप किया जा रहा है और जला दिया जा रहा है। बता दें कि कचरा सफाई रोज का काम है, इस वजह से इसमें ज्यादा गड़बड़ी की जाती है। शिकायत होने पर कहा जाता है कि सफाई पहले ही हो चुकी है, जबकि इससे पहले जितना ज्यादा समय हो सके, कचरा वहीं डंप पड़ा रहता है। शिकायत के बाद ही उसे हटाया जाता है।

## एसएलआरएम सेंटरों में खानापूर्ति



### पुष्पवाटिका के सामने डंप कचरे में लगी आग

पुष्पवाटिका के सामने मंगलवार को दोपहर कचरे में आग लग गई, निगम को जब इसकी जानकारी हुई, तो तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम भेजी गई। टीम के मौके पर पहुंचने के बाद आग बुझाई गई। मौके पर जानकारी लेने से पता चला कि पास में ही खेत है, जहां पराली जलाई गई थी। इस वजह से धुआं उठा। बता दें कि उक्त क्षेत्र में डंप कचरे में हर दिन आग जल रही है। निगम ने धमधा नाका और सुराना कॉलेज एसएलआरएम सेंटर से कचरा लाकर यहां डंप किया। इसके अलावा शहर के अन्य हिस्सों में भी इसी प्रकार से कचरा डंप किया गया।

### एनजीटी के निर्देशों की हो रही अनदेखी

दुर्ग निगम क्षेत्र में एनजीटी के निर्देशों और स्वच्छ भारत मिशन के आदेशों की लंबे समय से अनदेखी की जा रही है। नियमतः ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप कचरे का डिस्पोजल किया जाना है। वहीं वार्डों से निकलने वाले कचरे का वार्ड में ही एसएलआरएम सेंटरों के माध्यम से निष्पादन किया जाना है। इसके लिए दुर्ग निगम क्षेत्र में 11 एसएलआरएम सेंटर बनाए गए हैं, जहां निष्पादन के नाम पर लाखों रुपए की मशीन लगाई गई है, लेकिन फिर भी रोजाना कचरा आउटर में लेजाकर डंप किया जा रहा है।

### पार्षदों की आपत्ति का भी अधिकारियों पर नहीं हो रहा असर

जानकारी के मुताबिक दुर्ग निगम ने इस समय सिकोलाभाटा, उरला, एसएफ बटालियन, रायपुर नाका, बोरसी भाठा, बोरसी हाठ बाजार, पुलगांव, सुराना कॉलेज के सामने, धमधा नाका में एसएलआरएम सेंटर बनाए हैं। 5 और स्वीकृत किए हैं। इसमें उरला, पोटिया और बघेरा में जगह तय हो चुकी है। दो के लिए जगह ही नहीं मिल पाई है। पार्षदों द्वारा आपत्ति की जा रही है कि उनके वार्डों में एसएलआरएम सेंटर न खोला जाए। बावजूद इसके निगम के अधिकारियों द्वारा सेंटर खोले जा रहे हैं।



### की जाएगी कानूनी कार्रवाई

लैंड फिलिंग के लिए लोगों द्वारा डिमांड की जाती है, तब हम कचरा भेजते हैं। हमारे एसएलआरएम सेंटरों में प्रोसेसिंग किया जा रहा है। रही बात आग लगाने की तो अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा यह कृत्य किया जा रहा है। ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी की गई है। **-दुर्गेश गुप्ता,** स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम दुर्ग

### लगातार कचरा डंप कर रहे

पुष्पवाटिका के पास लगातार कचरा डंप किया जा रहा है। इसे अलावा उसे जलाया भी जा रहा है। उठती बदबू और धुएं से पूरा पुलगांव क्षेत्र परेशान है। इसके अलावा गंजपारा के आसपास के रहवासी क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। लगातार अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।
**-अश्वनी निषाद,** पार्षद पुलगांव वार्ड दुर्ग

## नशे के कारोबार को संरक्षण देने का आरोप, कांग्रेसी कल घेरेंगे दुर्ग भाजपा कार्यालय



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश में नशे के कारोबार को संरक्षण दिए जाने के विरोध में भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी गुरुवार 12 मार्च को भारतीय जनता पार्टी के जिला मुख्यालय दुर्ग कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेगी। अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी से मिले दिशा निर्देश के अनुसार पूरे प्रदेश में यह विरोध प्रदर्शन किया जाना है। भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने बैठक कर घेराव की रणनीति बना ली है।

- जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में हुई बैठक में बनी रणनीति

## गायत्री शक्तिपीठ में चैत्र नवरात्रि पर नौ दिनी धार्मिक कार्यक्रम

**बालोद।** गायत्री शक्तिपीठ बालोद द्वारा चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर 19 मार्च से 27 मार्च तक नवरात्रि पर्व एवं संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे 19 मार्च को देवअवाह, अखण्ड दीप प्रज्वलन, देव पूजन एवं आरती प्रातः 5 बजे होगा। प्रतिदिन सामूहिक त्रिवेणी संगम स्थापना का आयोजन प्रातः 6 बजे से 7 बजे के बीच होगा। गायत्री मंत्र जाप प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। दैनिक यज्ञ प्रातः 7:30 बजे से 8:30 बजे होगा एवं संध्या आरती शाम 6 बजे होगा। 17 मार्च को हवन यज्ञ पूर्णाहुति प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक गोष्ठी, परिचर्चा, उद्बोधन दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक, कन्या भोज, महाप्रसादी दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक होगा। जिसमे विभिन्न संस्कार, पुसवन, अन्न प्राशप, विद्यारंभ, दीक्षा संस्कार, जन्मदिन, मुंडन संस्कार आदि निःशुल्क कराए जाएगा।

# बोरसी और शिवनाथ मुक्तिधाम का होगा सौंदर्यीकरण, 1 करोड़ की मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर के दो प्रमुख मुक्तिधाम शिवनाथ नदी तट स्थित और बोरसी में सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए 50-50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने दोनों स्थलों पर पहुंचकर कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि शिवनाथ नदी स्थित मुक्तिधाम एवं वार्ड क्रमांक 52 बोरसी मुक्तिधाम के नवीनीकरण के लिए शासन से स्वीकृति मिल गई है। बोरसी क्षेत्र के नागरिक मुक्तिधाम के नवीनीकरण और मूलभूत सुविधाओं की मांग कर रहे थे, ताकि स्थानीय नागरिक अपने परिजनों का अंतिम संस्कार सुगमता से कर सकें। वहीं शिवनाथ नदी स्थित मुक्तिधाम में दुर्ग शहर के विभिन्न क्षेत्रों से नागरिक अंतिम संस्कार के लिए पहुंचते हैं, जिसके कारण यहां अक्सर भीड़ रहती है। वर्षों पहले बने इन मुक्तिधामों की स्थिति को देखते हुए नवीनीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए मंत्री गजेन्द्र यादव ने शासन स्तर पर पहल की और दोनों मुक्तिधामों के नवीनीकरण के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत कराई गई है।

- शिक्षामंत्री ने स्थल पर अधिकारियों से ली जानकारी



### शहर में 8 मुक्तिधामों का कराया जा चुका कायाकल्प, काम अंतिम चरण में

गजेंद्र यादव ने बताया कि नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद यहां अंतिम संस्कार करने सुव्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध होंगी। दुर्ग की जनता की सेवा ही उनका प्रमुख उद्देश्य है। जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप निरंतर विकास कार्यों की योजना बनाकर उन्हें क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के 8 मुक्तिधामों के एक साथ जीर्णोद्धार के लिए राशि स्वीकृत कराई गई थी, जिसका कार्य अब अंतिम चरण में है। शासन से स्वीकृति मिलने पर दुर्ग शहर के नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने मंत्री गजेन्द्र यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## पूर्व सभापति दिनेश देवांगन बनाए गए झुग्गी प्रकोष्ठ के संभाग प्रभारी

**दुर्ग।** पूर्व सभापति दिनेश देवांगन को मिली बड़ी जिम्मेदारी प्रदेश भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ का सह संयोजक एवं दुर्ग संभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने यह नियुक्ति आदेश जारी किया है। प्रदेश स्तर पर इस प्रकोष्ठ के संयोजक संजू नारायण ठाकुर हैं। दुर्ग जिला संयोजक पद पर दिनेश मिश्रा व जिला सह संयोजक दीपक सिन्हा, भागवत बुंदेल की नियुक्ति की गई है। दिनेश ने अपनी राजनीतिक की शुरुआत बूथ शक्ति केंद्र अध्यक्ष से शुरू की। वे शहर भाजयुमो अध्यक्ष, जिला भाजयुमो अध्यक्ष, भाजपा शहर महामंत्री, जिला मंत्री, जिला प्रवक्ता सहित अनेक जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके हैं। लगातार तीन बार पार्षद निर्वाचित हुए। दुर्ग निगम के सभापति बने। एमआईसी मेंबर रहे। उन्होंने नियुक्ति के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा गरीबों के उत्थान के लिए प्रारंभ की गई सबसे महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास के तहत झुग्गियों के स्थान पर पक्के मकान बनवाने, स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर घर शौचालय निर्माण जैसे योजनाओं को जमीन तक उतारने में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे शहर के अनेक क्षेत्र झुग्गियों से मुक्त होकर पीएम आवास के पक्के मकान में परिवर्तित हुए हैं।



# सरपंच मंजूलता ने कन्यादान के रूप में 3100 रुपये दिए



**बालोद।** ग्राम ओरमा सरपंच मंजूलता ने चुनावी वादा को पूरा करते हुए बेटी को कन्यादान के रूप में 3100 रुपए प्रदान किया। इस दौरान सरपंच मंजूलता परस साहू के साथ पंच रोशनी साहू, चंचल साहू, संतोष साहू, ललित ठाकुर, सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष गुणवंत लाल श्रीवास्तव, पूर्व पंच हेमंत साहू, ग्रामीण साहू समाज के सचिव कुलेश्वर साहू, अभिजीत श्रीवास्तव, सामाजिक कार्यकर्ता खेमू राम पटेल ने कन्यादान में सहयोग प्रदान किया।

# वृद्धाश्रम रामशिला की कुटिया में फल वितरण कर दिया गया कूलर



**भिलाई।** उन्नति महिला सहकारी साख समिति भिलाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रामशीला की कुटिया वृद्धा आश्रम जुनवानी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर फल का वितरण करने के साथ एक नग कूलर वृद्धजनों के लिए आश्रम संचालकों को प्रदान किया। कार्यक्रम में उन्नति महिला सहकारी साख समिति के अध्यक्ष कौसर खान, उपाध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी दुबे संचालक मंडल एवं सदस्य शामिल हुए।

संस्था के सदस्यों द्वारा वृद्धा आश्रम में निवास करने वाले वृद्धिजनों से परिचय किया। साख समिति की महिलाओं ने वृद्धजनों को फल का वितरण करने के साथ उनका आशीर्वाद लिया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वहां पर निवास करने वाली महिलाओं को महिला दिवस की जानकारी दी। उन्नति महिला सहकारी समिति की अध्यक्ष कौशल खान ने कहा कि आप हमारे मार्गदर्शक के रूप में हमेशा हमारे जीवन में रहेंगे।

उन्होंने कहा कि उन्नति महिला सहकारी साख समिति विगत 14 वर्षों से समाज के जरूरमंद लोगों को आर्थिक मदद करने के साथ महिलाओं को बचत की प्रेरणा दे रहा है। कार्यक्रम में कल्पना निमझे द्वारा प्रेरित गीत प्रस्तुत किया गया। संचालक सदस्यों ने वृद्धा आश्रम संचालक से बुजुर्गों को व्यक्तिगत रूप से वृद्धाजनों को एक दिन का खाना खिलाने की इच्छा व्यक्त किया।

## छग पेंशनर्स समाज का सम्मेलन 25 को

**भिलाई।** छग पेंशनर्स समाज तहसील पाटन का वार्षिक सम्मेलन 25 मार्च को 12 बजे जगन्नाथ मंदिर स्वामी मंदिर परिसर अखरा में आयोजित है। मुख्य अतिथि छग योग आयोग के अध्यक्ष रुप नारायण सिन्हा होंगे और अध्यक्षता पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष हीरा सिंह वर्मा हैं। विशेष अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, पेंशनर्स समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती, रिटायर संयुक्त कलेक्टर भगवती प्रसाद चक्रधर, जनपद पंचायत पाटन के सभापति प्रणव शर्मा व जगन्नाथ मंदिर के मुख्य न्यासी अमरचंद वर्मा होंगे। हीरा सिंह वर्मा ने पेंशनर्स समाज के सभी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।




HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद
श्रीमति
तारणी
पुष्पेन्द्र चन्द्राकर जी
आपको जन्मदिन की
एवं जिला पंचायत अध्यक्ष
के रूप में एक वर्ष पूर्ण होने पर
हार्दिक बधाई...शुभकामनायें...
पुष्पेन्द्र चंद्राकर
पूर्व जिला पंचायत सदस्य, बालोद
पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत -रजोली
12 मार्च जन्मदिन एवं
होली मिलन समारोह
स्थान : गृह ग्राम रजोली स्कूल मैदान में
समय : दोप. 01 शाम 05 बजे तक
:: सांस्कृतिक कार्यक्रम ::
मोर मयारू संगी फाग परिवार टेड़ेसरा की मनमोहक प्रस्तुति...
जिला पंचायत बालोद
टोमन साहू
उपाध्यक्ष जि.पंचायत बालोद
कांति सोनेश्वरी
जि.प. सदस्य बालोद
मिथलेश निरोटी
जि.प. सदस्य बालोद
तेजराम साहू
जि.प. सदस्य बालोद
चन्द्रिका गंजिर
जि.प. सदस्य बालोद
प्रभा नायक
जि.प. सदस्य बालोद
लक्ष्मी साहू
जि.प. सदस्य बालोद
चुन्नी मानकर
जि.प. सदस्य बालोद
गुलशन चंद्राकर
जि.प. सदस्य बालोद
पूजा वैभव
जि.प. सदस्य बालोद
मीना साहू
जि.प. सदस्य बालोद
राजाराम तारम
जि.प. सदस्य बालोद
करिश्मा सलामे
जि.प. सदस्य बालोद
जनपद पंचायत गुण्डरदेही
पुरषोत्तम चंद्राकर
अध्यक्ष ज.प.गुण्डरदेही
नितीश यादव
उपाध्यक्ष ज.प. गुण्डरदेही
गुलशन साहू
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
आशिफ गहलोत
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
कौशल साहू
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
रामेश्वर चंद्राकर
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
जैतराम ठाकुर
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
ओमेश्वर साहू
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
दीपक साहू
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
अश्वनी कठारे
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
हेमलता देशलहरे
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
धारा चौधरी
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
वंदना हिरवानी
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
नेम साहू
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
रीना देशमुख
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
ममता सेन
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
टूकेश्वरी साहू
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
देविका बंजारे
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
संध्या
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
गौरी निषाद
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
हेमपुष्पा साहू
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
ललिता भुअर्य
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
किरण तारम
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
पूर्णिमा साहू
ज.प. सदस्य गुण्डरदेही
विशेष आमन्त्रण पंचायती राज के सभी वर्तमान एवं पूर्व जन प्रतिनिधिगण सादर आमंत्रित है
शुभेच्छक : समस्त ग्रामवासी एवं ग्राम पंचायत रजोली
त्रयोदय मुकेश
सरपंच ग्राम पंचायत, रजोली

## खबर संक्षेप

### वामा अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव में अतिथि होंगी शमशाद बेगम



**बालोद।** वामा अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव नागपुर में सारस्वत अतिथि शमशाद बेगम होंगी। स्त्री विमर्श एवं साहित्य की विभिन्न विधाओं पर चर्चा हेतु देश विदेश से प्रतिभागी शामिल होंगे। शमशाद बेगम 13 एवं 14 मार्च को नागपुर में रहेंगी तथा देश विदेश से पहुचें अतिविशिष्ट लोगों के बीच महिला कमाण्डो की बातें रखेंगी। इस कार्यक्रम में पर्यावरण विद इंदौर जनक पलटा मगलिगन, प्रभात खभर लोकमत समाचार नागपुर एसएन विनोद, अध्यक्ष महाराष्ट्र जल संम्पति नियमन अधिकरण महाराष्ट्र शासन मुंबई सीए श्वेताली ठाकरे, अंतर्राष्ट्रीय कवित्री नई दिल्ली डॉक्टर किर्ति काले, कवित्री सिंगापुर नीतु गुजराल, विवीध भारती किशन शर्मा अरुणा मुनौत चेन्नई, प्रमुख हिन्द विभाग नागपुर डाक्टर आभा सिंह अतिथि के रूप उपस्थित रहेंगे। शमशाद बेगम ने बताया अंतर्राष्ट्रीय मंच साझा करने का यह अवसर बहुत ही सुनहरा है। जहाँ पर बालोद की महिला कमाण्डो द्वारा किये जा रहे कार्यो को बताया जाएगा। इस दौरानं रफीक खान, घनश्याम वैष्णव साथ रहेंगें।

### अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 1 अप्रैल तक

**बालोद।** भारतीय अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 01 अप्रैल निर्धारित की गई है। जिसके अंतर्गत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, टेक्नीकल, क्लर्क–स्टोर कीपर टेक्नीकल एवं ट्रेडमेन के पदों पर भतएँ की जाएगी। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार इस भर्ती रैली को सफल बनाने हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद द्वारा इसका समुचित प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से इसका समुचित प्रचार–प्रसार के अलावा शिक्षण संस्थानों में पहुंचकर विद्यार्थियों को भारतीय सेना के गौरवपूर्ण सेवा एवं भतएँ प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा शासकीय कार्यालयों एवं स्कूल कॉलेज आदि में फ्लैस बैनर आदि के माध्यम से इसका समुचित प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। इसके साथ ही इंस्टाग्राम, फेसबूक, ट्वीटर आदि सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से भी इसका समुचित प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि भर्ती रैली में सम्मिलित होने अभ्यर्थी की अनिवार्य योग्यता 8वीं, 10वीं एवं 12वीं तथा अभ्यर्थी का जन्म 01 जुलाई 2005 से 01 जुलाई 2009 के मध्य होना चाहिए। आवेदकों का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन वेबसाईट में करना अनिवार्य है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से ऑटो सवार बुजुर्ग की मौत

**कुम्हारी ।** राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर कुम्हारी महाराष्ट्र बैंक के पास सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। रात करीब 8 बजे देवभोग दूध डेयरी से मजदूरी कर ऑटो में गोगांव रायपुर लौट रहे मजदूरों से भरी ऑटो को टमाटर से भरी आईचर वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में ऑटो सड़क पर ही पलट गया।

## आयोजन : महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समां, सशक्तिकरण पर रखे विचार

# संस्कार परिवर्तन से ही संभव है महिलाओं का वास्तविक सशक्तिकरणः ब्रह्माकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला प्रभाग एवं ब्रह्माकुमारी गुरूर द्वारा कार्यक्रम का आयोजन प्रभु उपहार भवन, तहसील रोड गुरूर में किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी संचालिका ब्रह्माकुमारीज जिला धमतरी सरिता दीदी तथा उपाध्यक्ष साहू समाज ललिता साहू, सभापति सहकारिता जनपद पंचायत दिनेश्वरी सिंहा, सभापति स्वच्छता सहकारिता जनपद पंचायत तारादेवी यादव, पूर्व अध्यक्ष जेसीआई निधि टूवानी, सरपंच ग्राम पंचायत संगीता चतुर्वेदी, जनपद पंचायत सदस्य सुभद्रा साहू, प्रेरक स्वास्थ्य विभाग दीपक अटल, वर्षा ब्रह्माकुमारी सरस, ब्रह्माकुमारी परमेश्वरी, ब्रह्माकुमारी मुलेश्वरी तथा गुरुर ग्राम की समस्त महिला शक्ति उपस्थित थे।






कार्यक्रम की शुरुआत काव्या द्वारा स्वागत नृत्य के साथ हुई, जिसमें सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात गीत अरपा पैरी के धार पर नृत्य, कविता एवं कविता पटेल एवं साथियों द्वारा घर घर की कहानी, प्रहसन प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को हंसाया और सोचने पर मजबूर किया। इस दौरान विनीता, पूनम, हिमांशी, सत्यभामा, देविका, गुंजन, लावतरे द्वारा महिला सशक्तिकरण पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। ब्रह्माकुमारी बीके सरिता दीदी ने अपने दिव्य उद्बोधन में महिला शक्ति को अध्यात्मिकता से जोड़ने व ब्रह्मा बाबा की स्वर्णिम भारत के सपने को साकार करने हेतु सभी को भाई भाई का पाठ दुनिया के सभी कोने में पहुंचाने हेतु ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया व महिलाओं को सशक्त होने व हर क्षेत्र में आगे बढ़ कार्य करने का संदेश देते हुए कहा संस्कार परिवर्तन द्वारा महिला सशक्तिकरण किसी भी समाजकी वास्तविक प्रगति का आधार है। महिला सशक्तिकरण केवल कानूनो योजनाओं या बाहरी सुविधाओं तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह विचारों से दृष्टिकोण और जीवन की मूल संस्कारों से सकारात्मक परिवर्तन के सतत प्रक्रिया है जब तक समाज की मानसिकता और पारंपरिक मान्यताओं में परिवर्तन नहीं आता नहीं आता तब तक महिला सशक्तिकरण पूर्ण रूप संभव नहीं हो सकता संस्कार वे मूल्य विकास और व्यवहार है जो व्यक्ति को परिवार समाज और संस्कृति से प्राप्त होते है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियो ने सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा की और महिलाओं के अधिकारों और उनकी भूमिका पर जोर दिया।

ललिता ने कहा नारी का हर पूजनीय है और महत्वपूर्ण है। संगीता चतुर्वेदी ने कहा के बराबरी का यह मतलब यह नहीं कि हम पुरुषों के समतुल्य बन जाए एक नारी अगर नारी के लिए खड़ी है तो दुनिया की कोई ताकत या समाज उसे झुका नहीं सकती आज की नारी पुरुष से आगे है आगे बढ़ने का आधार सपोर्ट सिस्टम है एक दूसरे का सहयोग जरुर दें। निधि टुवानी ने कहा की निसंदेह वर्तमान में पहले की अपेक्षा महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है उसे सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में कई अधिकार मिले हैं एक ओर जहां उच्च शिक्षा आर्थिक आत्मनिर्भरता के कारण नारी अपने अधिकारों और स्वतंत्रता अनुभव कर रही है वहीं दूसरी ओर स्वतंत्रता के नाम पर कहीं–कहीं स्वच्छंदता भी बढ़ती जा रही है। फल स्वरुप परिवार टूट रहे हैं।

डॉक्टर कविता ने अपनी कविता गर्व है मुझे की मै नारी हूं के द्वारा माता बहनों को उनका स्वामान और सम्मान दिलाते उमंग उत्साह भर दिया। सुभद्रा ने कहा नारी ही नारी के लिए शक्ति बन जाए सहयोगी बन जाए तो संसार स्वर्ग बन जाएगा क्योंकि आज नारी ही नारी का सबसे बड़ा दुश्मन है। तारा देवी ने कहा मां एक शक्ति है और ब्रह्माकुमारी बहने हमें अच्छे बुरे का बोध कराती है और मन के विकारों का हरण करती है। मूल्य निष्ट समाज बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेंट की गई आभार प्रदर्शन बीके सरस दीदी ने किया।

### विकासखंड में लाइब्रेरी की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**डोंडी।** आदिवासी विकासखंड डोंडी मे सी जी पी एस सी, व्यापम, एस एस सी, रेलवे, पी एम टी, पी ए टी, बैंक सहित अन्य प्रतियोगी परिछाओ की निशुल्क अध्ययन करने हेतु मावा मोदेल लाइब्रेरी (मेरा जड़, मेरा भविष्य) की स्थापना की मांग बालोद कलेक्टर से भोला राम नेताम अध्यक्ष शिछा समिति जनपद पंचायत डोंडी ने की है। भोलाराम नेताम ने बताया की जिला प्रशासन उत्तर बस्तर कांकेर की अभिनव पहल पर कांकेर जिला के अंतर्गत नरहरपुर, चारामा, अंतागढ़ विकास खंड मे मावा मोदेल लाइब्रेरी की स्थापना की गयी है जिसका लाभ स्थानीय प्रतिभागियों को मिल रहा है। डोंडी विकास खंड मे लाइब्रेरी की स्थापना से प्रतिभागियों का सैच्छाणिक विकास एवम् अध्ययन की सुविधा को सदृढ़ करने का अवसर मिल सकेगा, डोंडी ब्लॉक शिछाके दृस्तिकोन से बहुत पिछड़ा हुआ है सुदूर आदिवासी एवम् वनांचल क्षेत्र होने के कारण शैछणिक सुविधाएं पर्याप्त नही है।



आज भी अनेक स्कूल भवन विहीन है। उच्च शिक्षा हेतु आवागमनके अभाव है, कोचिंग क्लासेस भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर शहरों में होने के कारण इस क्षेत्र के प्रतिभागी आर्थिक अभाव के चलते उतनी दूर जाकर कोचिंग क्लासेस ज्वाइन नही कर पा रहे हैं। बालोद जिला का एकमात्र आदिवासी विकास खंड डोंडी है और विकासखंड मुख्यालय के कालेज अथवा किसी हायर सेकंड्री भवन के किसी एक कमरे मे मावा मोदेल लाइब्रेरी की स्थापना करने से स्थानीय आदिवासी युवाओ को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निशुल्क कोचिंग, लाइब्रेरी, केरियर कॉउंसलिंग, मिल सकेगा जिससे आदिवासी बच्चे अपना भविष्य उज्वल कर सकेंगे।

# ठेठवार समाज का राज महासभा में मेधावी छात्र हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ठेठवार समाज गुण्डरदेही राज महासभा का आयोजन गुण्डरदेही मे संम्पन्न हुआ। जिसमें प्रांत अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ परमानंद यादव, महासचिव युवा प्रकोष्ठ नरोत्तम यादव, अध्यक्ष बीरेंद्र यादव, महासचिव घनश्याम यदु, उपाध्यक्ष दिलीप यादव, संरक्षक देवेंद्र कुमार यदु, महामंत्री भानु यदु, कोषाध्यक्ष आदेश्वर यादव, सचिव श्रवण यादव, सहायक संरक्षक जीवन यादव, सलाहकार अशोक यदु, गजाधर यदु, महेश यदु, डिगेश यदु, संतोष यदु, नर्सिंग यदु, डायालाल यदु एवं रूपेंद्र यदु के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मेधावी छात्र जो 10 वी 12वी में अच्छे नंबर से उत्तीर्ण हुए है। उनको प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मान किया गया। इसी प्रकार दुर्घटना ग्रस्त परिवार चिचलगोन्दी निवासी थलेश कुमार यदु को 5 हजार रुपए की आर्थिक मदद की।

परसवानी निवासी गणेश कुमार यदु पूर्व सन्देश वाहक की आकस्मिक निधन पर उनके परिवार को 5 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की। वही कार्यक्रम मे युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष की न्युक्ति चंद्रशेखर यदु निवासी चिचलगोंदी व महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंदनबिरही निवासी इंदु यदु की नियुक्ति की गई। कार्यक्रम पश्चात सामाजिक पदाधिकारियो द्वारा वार्षिक आय व्यय की जानकारी दी गई।

# स्कूली बच्चों के साथ न्योता भोजकर डॉ. उइके ने मनाया जन्मदिन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके ने आज 11 फरवरी को अपने जन्मदिन के अवसर पर डौण्डी विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला कुसएँटिकुल (जबकोहड़ा) के विद्यार्थियों के साथ न्योता भोज कर अपना जन्मदिन मनाया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उइके ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विद्यार्थियों के साथ न्योता भोज के आयोजन को अपने जीवन का सबसे सुखद एवं स्मरणीय पल बताते हुए जिला प्रशासन के इस अभिनव पहल की भूरी–भूरी सराहना की। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन की पहल पर जिले के अधिकारियों के द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर स्कूली बच्चों को न्योता भोज देकर उनके साथ जन्मदिन मनाने की परंपरा की शुरूआत की गई है। जिसके अंतर्गत नियमित रूप से जिले के अधिकारियों द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर स्कूली बच्चों को न्योता भोज देकर उनके साथ अपने जन्मदिन का उत्सव मनाया गया है।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोहित कुमार नुरूटी, प्रधानपाठक बीआर गोटा सहित विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं के अलावा अमृत लाल नेताम, दशरथ कुंजाम, संतराम नुरूटी, जगजीवन कोमर्रा, रामगोपाल नेताम एवं महेश मण्डावी सहित शाला विकास प्रबंधन समिति के सदस्य सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### धनोरा में चैत्र नवरात्रि की तैयारी जोरों पर

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में हर साल की भांति इस साल भी चैत्र नवरात्रि की तैयारी जोरों शोरों से चल रहा है। रंग रोगन एवं लाईट से सजाया जा रहा है। ज्योति शुल्क 751 रुपए रखा गया है एवं धनोरा में अपना शुल्क जमा कर अपना स्थान सुरक्षित करवा सकते हैं। 19 मार्च गुरुवार को ज्योति घटस्थापना किया जाएगा। दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी एवं पंडित विनय शर्मा के द्वारा 23 को सोमवार पंचमी 26 मार्च गुरुवार एवं 27 मार्च शुक्रवार को शाम 4 बजे से ज्योति विसजर्न शोभा यात्रा गली भ्रमण का कार्यक्रम रखा गया है एवं 2 अप्रैल गुरुवार को हनुमान प्रकटोत्सव झांकी के साथ खिचड़ी प्रसाद वितरण शाम 4 बजे से शोभा यात्रा गली भ्रमण एवं रात्रि 10 बजे से छत्तीसगढ़ के मशहूर नाच पार्टी धुर्रे बंजारी वाले का कार्यक्रम रखा गया है। लक्ष्मण बाबा जी ने सभी भक्तों से अपिल की है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस कार्यक्रम का लाभ उठाएं। यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।



### भजन-कीर्तन से गूंजा पंडाल बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

# पं. भूपेंद्र ने श्रीमद् भागवत कथा में रुक्मणी कृष्ण विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

नवनीत महिला मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासी चिंगरी के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान कथा व्यास पं. भूपेंद्र पाण्डेय महाराज (गुंडरदेही, जिला बालोद) ने भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मणी के दिव्य विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया।





कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के दौरान पं. पाण्डेय महाराज ने बताया कि विदर्भ की राजकुमारी रुक्मणी भगवान श्रीकृष्ण को अपना पति मानती थीं। लेकिन उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह शिशुपाल से कराने का निर्णय लिया। तब रुक्मणी ने भगवान श्रीकृष्ण को पत्र भेजकर उनसे सहायता की प्रार्थना की। भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मणी की सच्ची भक्ति और प्रेम को स्वीकार करते हुए विदर्भ पहुंचकर उनका हरण किया और विधि-विधान से विवाह संपन्न किया। रुक्मणी विवाह प्रसंग सच्चे प्रेम, विश्वास और भक्ति का प्रतीक है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी माता के विवाह प्रसंग को सुनकर भाव-विभोर हो गए। इस अवसर पर पूर्व सरपंच पुष्पा देशमुख, लक्ष्मी दिल्लीवार, जानकी साहू, अनुसुईया यादव, कुसुम, रीना साहू,डा. के. एल. दिल्लीवार, बी. एन. भरद्वाज, मालिक राम साहू, भूखन लाल दिल्लीवार, राहुल, साकेत पटेल, बंटी टेंटहाऊस के संचालक सचिन दिल्लीवार सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### अमोरा में 19 से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव

**बालोद।** ग्राम अमोरा में भक्ति संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन 19 मार्च से 27 मार्च तक किया गया है। जिसमे कथावाचक पंडित श्री ज्ञानेश्वर महराज होंगे। कथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। जिसमे 19 मार्च को कलश यात्रा, वेदी पूजन, गोकर्ण कथा होगा। 20 मार्च को महाभारत प्रसंग, भीष्म का परलोक गमन, परिक्षित जन्म कथा होगा। 21 मार्च को सृष्टि वर्णन, वराह अवतार, कपिल प्रसंग, ध्रुव चरित्र कथा होगा। 22 मार्च को दृयु चरित्र, जड़भरत प्रसंग, प्रहलाद चरित्र कथा होगा। 23 मार्च को समुद्रमंथन, वामन अवतार, श्री कृष्ण जन्म कथा होगा। 24 मार्च को बाललीला उत्सव, पुतना वध प्रसंग, माखन चोरी लीला, 25 मार्च को वृद्धावन लीला, मथुरा प्रसंग, रूखमणी मंगल कथा होगा। 26 मार्च को द्वारिका लीला, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, कृष्ण का परमधाम, चढ़ौतरी होगा। 27 मार्च को गीता स्वर, यज्ञ पूर्णाहूति, तुलसी वर्शा होगा। जिसमे सिंगारा धलनिया, बिझवारिन धलनिया, नरेश कुमार तरूण धलनिया, नरेन्द्र कुमार, मधुपुष्प धलनिया, ओमप्रकाश वोमिन धलनिया, कमलकिशोर, मिथलेश धलनिया, डॉ सुरेश, लता धलनिया, महेन्द्र बिमला धलनिया, ललिता धलनिया, डॉ कावेरी, काजल, खिलेश्वर, टिकेश्वरी, भिवेश, धावित, रूमेन, टिकेश्वर जयदीप, पावी, हिमांशी, योगेश व ग्रामीणो का सहयोग रहेगा।

### हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** रंजिश के चलते युवक पर धारदार हथियार से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि 14 फरवरी को कृष्णा नगर फरीद मोहल्ला निवासी सलमान उद्दीन शाम को अन्य मकान के पास खड़ा था। तभी कृष्णा नगर निजामी चौक हड्डी गोदाम के पास रहने वाला आरिफ कुरैशी वहां पहुंचा, पुरानी बातों को लेकर सलमान से विवाद करना शुरु कर दिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## कथा श्रवण कर भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

# श्रीमद्भागवत कथा में ध्रुव और प्रहलाद चरित्र का किया वर्णन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम सिकोला (गुरेदा) डगनिया में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के कथा वाचन के दौरान अनेक प्रेरणादायक और भक्तिमय प्रसंगों का वर्णन किया गया। कथा वाचन आचार्य संत श्री निरंजन महाराज जी द्वारा किया गया। साथ ही साथ परायणकर्ता परमेश्वर तिवारी जी द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने ध्रुव चरित्र, भरत कथा, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार और भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई।

कथा के दौरान आचार्य जी ने ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार बालक ध्रुव ने अपने दृढ़ संकल्प और भगवान विष्णु की कठोर तपस्या के बल पर अमर स्थान प्राप्त किया। ध्रुव की भक्ति और तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उन्हें ध्रुव तारा के रूप में आकाश में अटल स्थान प्रदान किया। इसके बाद भरत कथा का प्रसंग सुनाया गया, जिसमें राजा भरत के वैराग्य और उनके जीवन की घटनाओं के माध्यम से बताया गया कि मनुष्य को मोह-माया से दूर रहकर भगवान की भक्ति करनी चाहिए। आचार्य जी ने आगे जड़ भरत चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि पूर्व जन्म के अनुभवों के कारण जड़ भरत ने संसार से विरक्त होकर साधु जीवन अपनाया और अंततः परम ज्ञान प्राप्त किया। कथा के अगले प्रसंग में नृसिंह अवतार और भक्त प्रहलाद चरित्र का वर्णन किया गया। आचार्य जी ने बताया कि किस प्रकार दैत्यराज हिरण्यकश्यप के अत्याचारों के बावजूद भक्त प्रहलाद भगवान विष्णु की भक्ति में अडिग रहे। अंत में भगवान विष्णु ने नृसिंह अवतार धारण कर हिरण्यकश्यप का वध किया और अपने भक्त प्रहलाद की रक्षा की। कथा के इन दिव्य प्रसंगों को सुनकर श्रद्धालु भक्त भक्ति रस में डूब गए। कार्यक्रम में मुख्य यजमानों सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। अंत में आरती और प्रसाद वितरण की।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिर्डी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411